# कारगिल शहीदों की वीरांगनाओं एवं योद्धाओं का सम्मान किया




मदरसा बोर्ड के चेयरमैन एमडी चोपदार के संयोजन में हुए शहादत को सलाम ऐतिहासिक कार्यक्रम को मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद एवं प्रखर वक्ता इमरान प्रतापगढ़ी ने संबोधित किया।

- देश नफरत से नहीं मोहब्बत से चलता है : इमरान प्रतापगढ़ी
- शेखावाटी क्षेत्र झुंझुनूं, चूरू, सीकर व नीमकाथाना के कारगिल युद्ध में लड़ने वाले योद्धाओं, कारगिल शहीदों की वीरांगनाओं एवं गेलेंट्री अवार्डधारियों सहित 130 जनों का सम्मान किया गया।

**झुंझुनूं, (निसं)।** कर्बला मैदान में डॉ. सलाऊदीन चोपदार फाउंडेशन के तत्वावधान में शहादत को सलाम कार्यक्रम दो संत चंचलनाथजी का टीला के पीठाधीश्वर महंत ओमनाथ महाराज एवं दरगाह हजरत कमरूदीन शाह के सज्जादानशीन एजाज नबी के सानिध्य में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में शेखावाटी क्षेत्र झुंझुनूं, चूरू, सीकर व नीमकाथाना के कारगिल युद्ध में लड़ने वाले योद्धाओं, कारगिल शहीदों की वीरांगनाओं एवं गेलेंट्री अवार्डधारियों सहित 130 जनों का सम्मान किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद एवं प्रखर वक्ता इमरान प्रतापगढ़ी थे, विशिष्ट अतिथि के तौर पर मेजर जनरल एजेबी जैनी, लेफ्टिनेंट जनरल एसपीएस कटेवा, कारगिल महानायक ब्रिगेडियर अजीत सिंह शेखावत, कर्नल शौकत अली, सैनिक कल्याण अधिकार कर्नल अनिल पूनिया, कैप्टन शौकत अली, डॉ. सलाऊदीन चोपदार फाउंडेशन के चेयरमैन डॉ. सत्तार दीवान उपस्थित थे। कार्यक्रम के आयोजक राजस्थान मदरसा बोर्ड के चेयरमैन एमडी चोपदार ने आए हुए अतिथियों का मोमेंटों, शॉल एवं केप पहनाकर स्वागत किया।

चोपदार ने गंगा जमुनी तहजीब का जिक्र करते हुए कहा कि ये जिला साम्प्रदायिक सद्भाव की मिसाल है। यहां धर्म और जाति से बढ़कर राष्ट्रवाद की भावना देखने को मिलती है। उन्होंने कारगिल युद्ध में शौर्य और पराक्रम की भूरि-भूरि प्रशंसा की और कहा कि यहां के लोग देश के लिए अपने प्राणों की आहुति देने के लिए हर समय तैयार रहते हैं।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि इमरान प्रतापगढ़ी ने कहा कि मेरा दुर्भाग्य है कि मेरा जन्म शेखावाटी जैसी वीर जन्म भूमि पर नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि जो नफरत की दुकान खोले बैठे हैं वो एक बार शेखावाटी के वीरों की इस भूमि पर आएं और देखें कि लोग कितनी मोहब्बत के साथ यहां रहते है। उन्होंने कहा कि यहां के लोगों ने बड़ी-बड़ी कुर्बानियां देकर इस जिले को मान पूरे भारत में बढ़ाया है। उन्होंने ये भरोसा दिलाया कि यहां कि कुर्बानियों का जिक्र में पूरी दुनिया में करूंगा और उन्होंने वादा किया कि शेखावाटी के शहीदों का कार्यक्रम में दिल्ली में करूंगा। ब्रिगेडियर अजीत सिंह ने कारगिल से जुड़े बहुत से संस्करण साझा किए। उन्होंने कहा कि हिंदू-मुस्लिम करने वाले संकीर्ण सोच के व्यक्ति होते हैं। मैंने कारगिल में मुस्लिम कम्पनी की कमांड की थी। जिसने अपने अदम्य साहस और शौर्य का परिचय देते हुए पाकिस्तान के दांत खट्टे कर दिए थे।

कर्नल शौकत अली ने शेखावाटी की वीर वंसुधरा का जिक्र करते हुए कहा कि यहां के लोगों की नस-नस में देश के प्रति मोहब्बत एवं वफादारी देखने को मिलती है। कार्यक्रम में शहीदों से संबंधित एक पुस्तक का भी विमोचन किया गया। जिसमें शेखावाटी के समस्त शहीदों का वर्णन देखने को मिलता है। कार्यक्रम में वीर रस के कवि विवेक पारीक ने अपने काव्य पाठ से देशभक्ति की भावना को उजागर किया। जोश एवं जुनून से लबरेज उनकी काव्य रचना पर भारत माता की जयकारे के नारे गूंजने लगे। रूकसाना खान ने देशभक्ति गीत की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में हजारों की संख्या में शेखावाटी क्षेत्र के लोग वीरांगनाओं एवं योद्धाओं की हौसला अफजाई के लिए उपस्थित थे। कार्यक्रम में कैप्टन टीपू सुलतान, कैप्टन सुलतान खान, कैप्टन महेंद्रसिंह झाझड़िया, मेजर जयराम, कैप्टन ताराचंद नूनियां, कैप्टन लियाकत अली खां किढ़वाना, सूबेदार इकबाल खां, कैप्टन लाल खां, कैप्टन लियाकत खां, कैप्टन सरवर खां, कैप्टन असलम खां, कैप्टन राजकुमार, कैप्टन भंवर सिंह, कमांडो अकरम खां, जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दिनेश सुंडा, एजी मिर्जा, मुफ्ती अहमद जिया, अमित जांगिड़, प्रवीण शर्मा, इरफान खान, इमरान बड़गुजर, इमरान राईन, इमरान फारूकी, युनूस रंगरेज, बाबू भाई अली हसन, आमीन चोपदार, जावेद अली टाक, हनीफ चोपदार एवं डॉ. सलाऊदीन चोपदार फाउंडेशन के समस्त पदाधिकारी सहित हजारों लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अजहर हुसैन एवं मूलचंद झाझड़िया ने किया।

## 15 लाख 60 हजार का आवार्ड पारित

**तारानगर, (निसं)।** न्यायालय मोटरयान दुर्घटना दावाधिकरण पीठासीन अधिकारी संतोष कुमार मीणा ने कुल 15 लाख 60 हजार रूपये का आवार्ड पारित किया। पीड़ित पक्ष की तरफ से पैरवी कर रहे एडवोकेट अनिल कुमार स्वामी राजपुरा ने बताया कि मृतक अभिषेक पुत्र भजनलाल जांगिड़ निवासी करणपुरा तहसील तारानगर जो सुभाष इंजीनियर वर्कशॉप पर मैकैनिक का कार्य करता था।

जो 11 जनवरी 2024 को छगनलाल के साथ स्कूटी पर सवार होकर करणपुरा जा रहा था तारानगर से निकलते ही करणपुरा रोड़ पर लाल रंग की कार नं. आर.जे. 10 यू. ए. 9320 का चालक कार को तेज गति गति व लापरवाही से चलाकर स्कूटी के टक्कर मार दी जिससे छगनलाल कच्चे में गिर गया तथा अभिषेक सड़क पर गिरने से सिर में गंभीर चोट आई जिससे मौके पर ही मौत हो गई जिसकी एफ.आई.आर. सं. 20/2024 पुलिस थाना तारानगर में दर्ज हुई। अनुसंधान अधिकारी ने अनुसंधान कर चालक के खिलाफ कोर्ट में चालान पेश किया। मृतक अभिषेक की पत्नी चन्द्रकला व माता-पिता व पुत्रियों की ओर से न्यायालय में क्लेम याचिका पेश की जो अनवानी चन्द्रकला आदि बनाम श्रीराम ज.ई.क.लि. आदि क्लेम याचिका पेश की जिसमें पीठासीन अधिकारी संतोष कुमार मीणा ने दोनों पक्षों में लोक अदालत की भावना से आपसी समझाईश कर अप्रार्थी बीमा कम्पनी के खिलाफ 15,60,000 रूपये का अवार्ड पारित किया।

## सार-समाचार

### शहीदों को नमन किया



**पाटन, (निसं)।** कस्बे में स्थित जमुना देवी पांडेय बालिका सीनियर सेकेंडरी स्कूल में शुक्रवार को कारगिल दिवस पर कारगिल युद्ध में शहीद हुए शहीदों को नमन करते हुए, मां सरस्वती को पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि शहीद वीरांगना कविता सामोता रही तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता पाटन सरपंच मनोज कुमार चौधरी ने की। विद्यालय के प्रिंसिपल महावीर प्रसाद मीणा ने कहा कि शहीद हमारे भगवान होते हैं, शहीदों की पूजा करनी चाहिए और हर मांगलिक कार्य में शहीदों को याद करना चाहिए। देश की रक्षा हेतु जो सैनिक अपने प्राणों को न्यौछावर कर हमारी रक्षा करते हैं ऐसे शहीदों को हम नमन करते हैं। प्रिंसिपल ने यह भी कहा कि यह विद्यालय श्रेष्ठ परिणाम देने वाला विद्यालय रहा है इस वर्ष के परीक्षा परिणाम में भी विद्यालय की छात्राओं ने विद्यालय का नाम रोशन किया है, और आगे भी करेंगी । सरकारी स्कूल होते हुए भी यह विद्यालय आज जिले के पहले पायदान पर खड़ा हुआ है। पहला सरकारी स्कूल है जिसमें स्वयं की बसों से बच्चों को लाया और ले जाया जाता है, जो अपने आप में गौरव की बात है। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि शहिद कविता सामोता ने कहा कि शहीदों को हमेशा याद करना चाहिए। 1999 में जब कारगिल युद्ध हुआ था वह युद्ध 60 दिनों तक चला था, उस दौरान युद्ध में किसी ने अपना भाई खोया , किसी ने अपना बेटा खोया , परन्तु मैंने तो मेरा पति खोया है।

### कारगिल विजय तिरंगा रैली निकाली



**झुंझुनूं, (निसं)।** राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड जिला मुख्यालय झुंझुनूं के तत्वावधान में कारगिल विजय दिवस के अवसर पर स्काउट गाइड कार्यालय परिसर से तिरंगा एवं देश भक्ति से ओत-प्रोत रैली का आयोजन किया गया। सीओ स्काउट महेश कालावत ने तिरंगा रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली स्काउट गाइड कार्यालय से प्रारंभ होकर कुमावत बस्ती, मोरारका कॉलेज होते हुए शहीद स्मारक पहुंची। जहां पर देश के अमीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर स्काउट को संबोधित करते हुए सीओ स्काउट महेश कालावत ने कहा कि देश की आजादी एवं एकता, अखंडता को अक्षुण रखने वाले वीर अमर शहीदों को हम सादर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हैं। इस अवसर पर स्काउट कार्यालय में देशभक्ति गानों की प्रस्तुतियां स्काउट्स द्वारा दी गई। इस दौरान रामदेवसिंह गढ़वाल, नरेशसिंह तंवर, सुनील मेहरा, मूलचंद मूंड, धर्मपाल सिंह, विजेता नेहरा, भंवरलाल मीणा, रविकुमार, अमरचंद, दिनेश लखटकिया, सुनिलकुमार, मोहम्मद जाबिर, दशरथ सैनी सहित राज्य पुरस्कार प्रशिक्षण क्षेत्र में भाग लेने वाले 200 से अधिक स्काउट्स उपस्थित रहे।

### कारगिल विजय दिवस मनाया




**झुंझुनूं, (निसं)।** डिवाइन इंटरनेशनल स्कूल झुंझुनूं में कारगिल विजय दिवस के अवसर पर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस दिन को पूरे उत्साह और देशभक्ति के साथ मनाया गया। विद्यालय में छात्र-छात्राओं द्वारा पोस्टर बनाकर भारतीय सेना की वीरता और साहस को दर्शाया गया। प्रार्थना सभा में विद्यार्थियों ने कारगिल युद्ध के इतिहास, सैनिकों के बलिदान और देशभक्ति पर आधारित अपने विचार प्रस्तुत किए। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने बताया कि कारगिल विजय दिवस हमें हमारे वीर सैनिकों के बलिदान और समर्पण की याद दिलाता है। हमें उनके साहस और दृढ़ संकल्प से प्रेरणा लेनी चाहिए।

### पौधरोपण किया

**चूरू, (कासं)।** सीडीपीओ शिवराज सिंह ने शुक्रवार को जिला मुख्यालय पर भालेरी रोड़ स्थित महिला एवं बाल विकास ब्लॉक शहरी कार्यालय में पौधरोपण किया। सीडीपीओ शिवराज सिंह ने कहा कि प्रकृति के संरक्षण के लिए सभी आवश्यक रूप से अपने परिवेश में पौधे लगाएं तथा पौधों की समुचित देखभाल करें। मानव सभ्यता ने प्राकृतिक संसाधनों का अधिकतम दोहन किया है। इसलिए अब मानव सभ्यता के कल्याण व स्वस्थ सर्वाइवल के लिए आवश्यक है कि प्रकृति के प्रति हमारी जिम्मेदारी सुनिश्चित हो। इस दौरान सहायक प्रशासनिक अधिकारी कर्णपाल सिंह, महिला पर्यवेक्षक शशिकला शर्मा, कनिष्ठ सहायक नंदगोपाल सिंह, ब्लॉक कॉर्डिनेटर रेखा कंवर सहित स्टाफ ने भी पौधरोपण किया।

### भाजयुमो ने मशाल जुलूस निकाला

**सीकर, (निसं)।** कारगिल विजय दिवस पर भाजयुमो ने दो दिवसीय कार्यक्रम की शुरूआत गुरूवार से की। भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने कारगिल विजय दिवस की पूर्व संध्या पर शहीदों के सम्मान में शहर के कल्याण सर्किल से स्टेशन रोड होते हुए जाट बाजार तक मशाल जुलूस निकाला। भाजयुमो कार्यकर्ता हाथों में मशाल लिए भारत माता के जयकारे लगाते हुए चल रहे थे। जाट बाजार में पहुंचने पर कारगिल विजय दिवस की पूर्व संध्या पर शहीदों को प्रणाम किया और उनके सम्मान में जयकारे लगाए। इस दौरान कार्यक्रम प्रभारी गौरी कुमावत, कार्यक्रम संयोजक जितेंद्र सिंह रानोली, भाजपा जिला महामंत्री संजय सैनी, जगदीश कुमावत, डॉ. बीएल रणवां, गणेश चतेरा, प्रतीक माटोलिया, एडवोकेट धर्मेंद्र कुड़ी, सुरेश अग्रवाल, मोहन गुर्जर, महेंद्र, मुकेश आदि मौजूद रहे।

### विरेन्द्र का वालीबॉल टीम में चयन

**सीकर, (निसं)।** एनएच 52 स्थित स्वामी केशवानन्द शिक्षण संस्थान के कक्षा 12 के छात्र वीरेन्द्र रणवा का चयन भारतीय वालीबॉल टीम में अंडर 18 एशियन वालीबॉल चैम्पियनशिप के लिए किया गया है। खेल प्रभारी राहुल ढाका ने बताया कि संस्थान की कक्षा 12 में अध्ययनरत विद्यार्थी विरेन्द्र रणवा का चयन एशियन बॉलीबॉल चैम्पियनशिप के लिए किया गया है। छात्र विरेन्द्र रणवा 28 जुलाई से बहरीन में आयोजित होने वाली अंडर 18 एशियन बॉलीबॉल चैम्पियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व करेगा जो संस्थान के लिए बहुत ही गौरव की बात है। छात्र विरेन्द्र रणवा ने संस्थान के आधुनिक सुविधाओं से युक्त बॉलीबॉल मैदान पर नियमित अभ्यास करके इस मुकाम को हासिल किया है।

### ब्लॉक स्तरीय कार्यशाला आयोजित


**पाटन, (निसं)।** नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत पाटन ब्लॉक के साक्षरता प्रभारी एवं सर्वे शिक्षकों की सामूहिक ब्लॉक स्तरीय कार्यशाला का आयोजन 26 जुलाई को ब्लॉक मुख्य शिक्षा अधिकारी कार्यालय के सभागार में किया गया । कार्यशाला में नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत नव साक्षरों को प्रमाण पत्र वितरण प्रदान गए।

## एक शाम शहीदों के नाम कार्यक्रम आयोजित

**चूरू, (कासं)।** कारगिल विजय दिवस की 25वीं वर्षगांठ की पूर्व संध्या पर शुक्रवार को भाजपा युवा मोर्चा चूरू की ओर से स्थानीय जैन गेस्ट हाउस में एक शाम शहीदों के नाम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राष्ट्र के लिए अपनी शहादत देने वाले शहीद परिजनों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में लोक गायक कलाकारों ने देश भक्ति गीतों की प्रस्तुति दी।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष बसंत शर्मा ने कहा कि कारगिल युद्ध में शहीद हुए जवानों को श्रद्धांजलि देने का यह सर्वश्रेष्ठ दिन है। शिक्षाविद् कमल सिंह कोठारी ने काव्य रचना कविता के माध्यम से शहीदों की शहादत को नमन किया। युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष मदन गोपाल बालाण ने आगतुंक शहीद परिवारों, कलाकारों व अतिथियों का आभार व्यक्त किया। बालाण ने कहा कि आज के युवाओं को कारगिल विजय दिवस के बारे में जानकारी होना अति आवश्यक है। उन शहीद परिवारों का समय-समय पर सम्मान होना चाहिए। जिससे देश सेवा के प्रति युवाओं में अलख जगती रहे। कार्यक्रम में भाजपा नेता फतेहचंद सोती, जिला संघ चालक ओम सैनी, उप जिला प्रमुख महेंद्र न्यौल, शहर अध्यक्ष सुरेश सारस्वत व नेता प्रतिपक्ष विमला गढ़वाल ने भी अपने विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर अमर शहीद विनोद कटेवा, नायक जगनसिंह, सिपाही राजेंद्र सिंह नैण, शहीद राजेश फगेडिया, हवलदार महेंद्र सिंह गोदारा, सिपाही पालसिंह राठौड़, शहीद सुभाषचंद्र के परिजनों का सम्मान किया गया। इस दौरान देश भक्ति संगीत संध्या में गायक कलाकार पार्षद राकेश दाधीच, मेहुल शर्मा, संजय सर्वा, इंतजार खान, ज्ञानप्रकाश व्यास व अन्य कलाकारों ने षानदार प्रस्तुतियां दी। इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक राकेश शर्मा, विधानसभा संयोजक रजत शर्मा, जिला उपाध्यक्ष आदिल खान, जिला मंत्री जयपाल टकणेत, हरीश वर्मा, नितिन बुंदेला, हरी सैन, कुलदीप गुर्जर, सुरजीत सिंह, भरत सिंह बड़गुर्जर, तेजपाल शर्मा, सौरभ राजपुरोहित आदि उपस्थित थे।

## डीडवाना विधायक का पुतला जलाकर विरोध-प्रदर्शन किया



डीडवाना विधायक द्वारा रोडवेज बसों को लेकर की गई टिप्पणी पर कर्मचारियों ने आक्रोश जताया।

**खेतड़ी, (निसं)।** खेतड़ी के रोडवेज डिपो परिसर में शुक्रवार को रोडवेज कर्मचारी की ओर से विरोध प्रदर्शन किया गया। इस दौरान कर्मचारियों ने डीडवाना के निर्दलीय विधायक व पूर्व में भाजपा सरकार में परिवहन मंत्री रहे युनुस खान का पुतला जलाकर रोडवेज पर की गई टिप्पणी पर आक्रोश व्यक्त किया गया।

रिटायर्ड कर्मचारी एसोसिएशन के अध्यक्ष शीशराम डूडी ने बताया कि डीडवाना विधायक युनुस खान द्वारा विधानसभा में राज्य के लोगों को सुरक्षित यात्रा प्रदान करने वाली रोडवेज का विरोध करते हुए लोक परिवहन बसों के विस्तार कर उन्हें अत्यधिक मात्रा में परमिट जारी करने की वकालत की है। इस दौरान विधायक ने रोडवेज को सरकार के ऊपर आर्थिक भार होने की बात कही है, जिसको लेकर रोड़वेज कर्मचारियों में गहरा आक्रोश व्याप्त हो गया। विधायक द्वारा रोडवेज बसों को लेकर कहीं बात से रोडवेज कर्मचारियों की भावनाओं को ठेस पहुंची है। विधानसभा में एक सम्मानित व्यक्ति को सरकारी तंत्र को लेकर इस प्रकार की ब्यानबाजी करना बिल्कुल ग़लत है। राज्य सरकार की ओर से रोडवेज बसों को घाटे से उबारने का काम किया जा रहा है वहीं विधायक खान की ओर से उन्हें बंद कर प्राइवेट बसों का संचालन अधिक करवाने पर जोर दिया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि पूर्व में यूनुस खान भाजपा सरकार में परिवहन मंत्री थे तो उनकी रोड़वेज विरोधी नीतियों को लेकर रोडवेज कर्मचारी टोंक में विधानसभा चुनाव में उनके खिलाफ रैली निकाल कर उनको हराने के लिए प्रचार किया था। इस दौरान खेतड़ी डिपो के कर्मचारियों द्वारा राजस्थान रोडवेज के श्रमिक संगठनों के संयुक्त मोर्चे के प्रदेश स्तरीय आव्हान पर विधायक यूनुस खान के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और उनका पुतला दहन किया। इस मौके पर करतार शर्मा, शीशराम लांबा, विक्रम गुर्जर, सुरेश बोला, सरिता कुमारी, राजेश योगी, संदीप शर्मा, सूरजभान आर्य, बुधराम यादव, बिजेश सैनी, सुरेश कुमार सैनी, जगदीश सैनी, भवानी सिंह, चंदगी राम गुर्जर, रमेशचंद्र सैनी सहित अनेक कर्मचारी मौजूद थे।

## शहीदों को याद किया

**सुजानगढ़, (निसं)।** सोना देवी सेठिया कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में कारगिल विजय दिवस पर एनएसएस व एनसीसी के संयुक्त तत्वावधान में निबंध भाषण व कविता प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

प्रतियोगिता में स्वयंसेविकाओं तथा एनसीसी कैडेट्स और महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने भाग लिया। एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट डॉ.मेघना सोनी ने बताया कि कारगिल विजय दिवस हर साल 26 जुलाई को भारत में कारगिल युद्ध में पाकिस्तान पर भारत की जीत के उपलक्ष्य में मनाया जाता है।

राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाई प्रथम के कार्यक्रम अधिकारी संजय वर्मा व एनएसएस इकाई द्वितीय के कार्यक्रम अधिकारी डॉ.ऋचा उपाध्याय ने बताया कि कारगिल विजय दिवस हमें भारत की सैन्य शक्ति और हमारे सशस्त्र बलों के महान बलिदान की याद दिलाता है। कार्यक्रम के दौरान प्राचार्य डॉ उपप्राचार्य डॉ.जयश्री सेठिया शहीदों की शहादत वीरांगनाओं के त्याग और विजय के प्रतीक कारगिल विजय दिवस ऐतिहासिक दिन के रूप में जाना जाता है । कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष में महाविद्यालय में त्याग बलिदान व विजय की गाथा पर कविता भाषण व निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। एनसीसी के अन्तर्गत भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कैडेट सादिया खान द्वितीय स्थान कैडेट सानिया गौरी एवं तृतीय स्थान कैडेट कंचन ने प्राप्त किया निबन्ध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान भाग्यलक्ष्मी, द्वितीय स्थान सादिया खान, तृतीय स्थान सिमरन खान ने प्राप्त किया।

## जरूरतमंदों को भोजन कराया

**झुंझुनूं, (निसं)।** महावीर इंटरनेशनल सनराइज द्वारा वीरा राखी आलड़िया के जन्म दिवस के शुभ अवसर पर अन्नपूर्णा रसोई में जरूरतमंद लोगों को भोजन कराया गया। उपरोक्त कार्यक्रम में संस्था संरक्षण डॉ. एसएन शुक्ला, चेयरमैन राजेंद्रप्रसाद जोशी, अंतरराष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्यामसुंदर जालान, जोन चेयरमैन नागरमल जांगिड़, देवेंद्र कुमार गौड़, रमेशचंद्र शर्मा, अशोक शर्मा, वीरा राखी आलड़िया एवं काफी संख्या में गणमान्य जन उपस्थित रहे।

## किसान महासभा का धरना 12वें दिन भी जारी

**बुहाना, (निसं)।** सन 1994 के समझौते के अनुसार यमुना नहर का पानी लाने के लिए बनी पुरानी डीपीआर को मंजूर करने, ओलावृष्टि व शीत प्रकोप से नष्ट हुई रबी 2022-23 की फसलों के मुआवजे से वंचित किसानों को मुआवजा देने, बरसाती पानी की नदियों को पुनर्जीवित करने की मांग को लेकर तहसील कार्यालय बुहाना के सामने जारी अनिश्चितकालीन धरना 12वें दिन भी जारी रहा। आज के धरने की अध्यक्षता भामाशाह केसी नेहरा ने की। धरने को अखिल भारतीय किसान महासभा के जिलाध्यक्ष कामरेड ओमप्रकाश झारोड़ा, बुहाना प्रखंड अध्यक्ष कामरेड रामकुमार यादव, नौरंग डांगी, रामेश्वर मैनाना, विकास मान, सूरत सिंह ढाणी भालोठ, विजय सिंह, कुलदीप मेघवाल ढाणी भालोठ, सुरेश यादव, मनीष खानपुर, किशोरीलाल भालोठ, जगवीर भगासरा आदि ने संबोधित किया।

## पूर्व सैनिकों को सम्मानित किया

**सीकर, (निसं)।** राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय उजीन सिंह का नाडा बेरी में कारगिल विजय के 25 वर्ष पूर्ण होने पर शुक्रवार को कारगिल विजय दिवस पर गांव के पूर्व सैनिकों को माला पहनकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की समक्ष दीप प्रज्वलन और पुष्प अर्पित कर अतिथियों ने इस कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

प्रधानाध्यापक राज कमल जाखड़ ने बताया कि इस अवसर पर चिंकारा कैंटीन सीकर के प्रबंधक गोपाल सिंह ने कहा कि सैनिकों में कठिनाइयों का सामना कर देश सेवा का जज्बा कायम रहता है, इस पर विस्तार से विद्यार्थियों को अनुभव साझा किये।

विद्यालय में बेरी गांव के भूतपूर्व सैनिकों को विद्यालय में बुलाकर उनके अनुभव विद्यार्थियों को सुनाए। कार्यक्रम में पूर्व प्रधानाचार्य मोहर सिंह जाखड़ ने कहा कि विद्यार्थियों में शुरू से ही देश प्रेम की भावना जगाना बहुत जरूरी है। इस अवसर पर कोलीड़ा के सरपंच और वायु सेवा में कार्य कर चुके शिवपाल सिंह ने विद्यार्थियों को सैनिकों के प्रति सम्मान की भावना जागृत करने के लिए युवाओं द्वारा समय-समय पर ऐसे कार्यक्रम करने की अपील की। विद्यार्थियों ने देशभक्ति के गानों के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

## कारगिल विजय दिवस पर वीरांगनाओं का सम्मान किया




कारगिल विजय दिवस की 25वीं वर्षगांठ पर सीकर के शहीद स्मारक पर वीरांगनाओं का उपहार व पौधे देकर सम्मान किया गया।

- भारत माता की जय के जयघोष से गूंजा शहीद स्मारक

**सीकर, (निसं)।** कारगिल विजय दिवस की 25वीं वर्षगांठ पर सीकर के शहीद स्मारक पर शुक्रवार को शहीदों को मालाएं व पुष्प अर्पित कर सीकर जिला कलेक्टर कमर चौधरी, एसपी भुवन भूषण यादव, जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल ब्रिजेन्द्र सिंह महला, पूर्व सैनिकों सहित अनेक अधिकारियों व कर्मचारियों ने शहीदों को श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में शहीद वीरांगनाओं को उपहार व पौधे देकर सम्मान किया गया। इस दौरान जिला कलेक्टर सहित अन्य अधिकारियों, पूर्व सैनिकों ने शहीद स्मारक स्थल पर पौधारोपण भी किया।

जिला कलेक्टर कमर चौधरी ने कहा कि कारगिल युद्ध में सीकर के शहीद हुए जवानों पर हमें गर्व है। उन्होंने कहा कि शहीदों ने अपना घर-परिवार छोड़कर राष्ट्र को समर्पित यज्ञ में अपना बलिदान व आहुति दी है। उन्होंने युवाओं को संदेश देते हुए कहा कि बिना पसीना बहाए कुछ भी संभव नहीं होता है। जीवन में आसानी से कुछ नहीं मिलता इसलिए अनुशासन और जीवन में व्यक्ति को संघर्ष करते रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि कारगिल युद्ध युवाओं के लिए भी एक बड़ा संदेश है। युवाओं को देश सेवा के लिए आगे आना चाहिए और राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान देना चाहिए। कार्यक्रम में जिला सैनिक कल्याण अधिकारी सीकर कर्नल ब्रिजेन्द्र सिंह महला ने कहा कि कारगिल विजय दिवस की 25वीं वर्षगांठ है। शहीदों के सम्मान में शहीद स्मारक में उन्हें याद और नमन किया गया। उन्होंने उपस्थित जन समूह को कारगिल विजय दिवस की विजय गाथा के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि आज का दिन पूरे देश के लिए गर्व का दिन है। कारगिल युद्ध में सीकर के 7 जवान शहीद हुए थे और बाकी युद्धों में 150 से अधिक जवान शहीद हुए हैं। इस दौरान कार्यक्रम में अतिरिक्त जिला कलेक्टर शहर हेमराज परिडवाल, पूर्व एडीएम ईश्वर सिंह राठौड़, शहीद वेलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष रामदेवाराम बिजारणियां, महावीर पुरोहित, पूर्व सैनिक, वीरांगनाएं, एनसीसी कैडेट्स सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## 40 किसानों को पुरस्कार मिलेंगे

**सीकर, (निसं)।** उपनिदेशक कृषि एवं पदेन परियोजना निदेशक (आत्मा) प्रिया झाझड़िया ने बताया कि कृषि उन्नित योजना के कृषि विस्तार पर उपमिशन आत्मा योजनान्तर्गत 2024-25 में राज्य, जिला एवं पंचायत समिति स्तर पर विभिन्न कृषि उद्यमों के श्रेष्ठ कृषकों को पुरस्कृत किया जाएगा। कृषि उद्यमों में श्रेष्ठ काम करने वाले किसानों को कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन डेयरी एवं मत्स्य पालन, जैविक खेती एवं नवाचारी खेती, कृषि उत्पादों का प्रसंस्करण एवं मूल्य सवर्धन आदि गतिविधियों में से कोई भी 5 गतिविधियों में पुरस्कार दिया जाएगा। जिले की प्रत्येक पंचायत समिति स्तर पर कुल 5 कृषकों का चयन प्रत्येक गतिविधिवार किया जायेगा। पंचायत समिति स्तर पर चयनित कृषकों में से 10 सर्वश्रेष्ठ कृषकों (प्रत्येक गतिविधि हेतु 2 सर्वश्रेष्ठ कृषक) को जिला स्तर पर चयनित किया जायेगा। विभाग द्वारा पुरस्कार के लिए आवेदन आमंत्रित किये गये है। उपनिदेशक कृषि एवं पदेन परियोजना निदेशक (आत्मा) प्रिया झाझड़िया ने बताया कि पंचायत समिति स्तर के लिए प्रति कृषक प्रति गतिविधि 10 हजार रूपये, जिला स्तर पर प्रत्येक गतिविधियां दो-दो कृषकों का चयन करते हुए 25 हजार रूपये प्रति कृषक एवं राज्य स्तर पर राशि 50 हजार रूपये की पुरस्कार का प्रावधान किया गया हैं।